# 25 को मोदी करेंगे नोएडा एयरपोर्ट का शिलान्यास

## कार्यक्रम में सीएम योगी भी रहेंगे मौजूद, प्रशासन-प्राधिकरण की तैयारी शुरू

ग्रेटर नोएडा। एशिया के सबसे बड़े नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का शिलान्यास 25 नवंबर को होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ जेवर में 29500 करोड़ रुपये की परियोजना की आधारशिला रखेंगे। इस पर प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सहमति जता दी है। जल्द ही कार्यक्रम का आधिकारिक पत्र जारी कर दिया जाएगा। जिला प्रशासन व प्राधिकरण कार्यक्रम के भव्य आयोजन की तैयारी कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की बड़ी योजनाओं में शुमार पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल में बनने वाले एयरपोर्ट का निर्माण स्विस कंपनी ज्यूरिख इंटरनेशनल एयरपोर्ट एजी कर रही है। ब्यूरो



**चार चरणों में होगा निर्माण एक रनवे से होगी शुरुआत**

**29,500** करोड़ रुपये की है परियोजना

**1334** हेक्टेयर में पहले चरण का कार्य होगा

## 5.50 लाख लोगों को रोजगार

ग्रेटर नोएडा। नोएडा एयरपोर्ट से गौतमबुद्ध नगर ही नहीं, पूरे पश्चिमी यूपी के व्यापार और उद्योगों को उड़ान मिलेगी। साथ ही, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करीब 5.50 लाख लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। वहीं, एयरपोर्ट के लिए देश में सबसे बेहतरीन ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी होगी। इसमें मेट्रो, पॉड टैक्सी के अलावा कई राज्यों को जोड़ने वाली बुलेट ट्रेन से यात्रा की राह आसान होगी। एयरपोर्ट से दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के सीमावर्ती जिलों के लोगों को भी बेहतर आवागमन का फायदा मिलेगा। पहले चरण की शुरुआत एक रनवे से होगी। निर्माण कंपनी को भूमि सौंप दी गई है। कंपनी ने एयरपोर्ट की भूमि पर समतलीकरण और चहारदिवारी का काम शुरू कर दिया है। पहले चरण के लिए जिला प्रशासन ने छह गांवों की जमीन अधिगृहीत की है। इसमें रन्हेरा, रोही, पारोही, दयानतपुर, किशोरपुर और बनवारीवास गांव शामिल हैं। ब्यूरो